आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 20 जून, 2025
www.azadsipahi.in



## चलकुशा जिप सदस्य ने पीसीसी पथ और गार्डवाल का किया उद्घाटन



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चौबे पंचायत के महतोडीह रेहाटांड में 15 वें वित्त आयोग मद से बने पीसीसी पथ एवं गार्डवाल का उद्धाटन चलकुशा जिप सदस्य सविता सिंह मुखिया कुमार अंशु ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना एवं नारियल फोड़कर किया ।सविता सिंह ने कही कि क्षेत्र के लोगों के द्वारा बरा बर मांग किया जा रहा था। लोगों को आने-जाने में कठिनाई होती थी, यह रोड हजारीबाग जिले के चौबे महतोडीह होते हुए गिरिडीह जिले के पदना बराकर नदी पुल को जोड़ती है । इस कार्यक्रम में पंसद उदीत राम वार्ड सदस्य बाबू जान मियां कासिम मिया, अलाउद्दीन अंसारी, राजू यादव एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कांग्रेसियों ने राहुल गांधी का 55वां जन्म दिन मनाया



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी का 55 वां जन्म दिन केक काटकर मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि देश की आशा, युवाओं की आवाज संविधान के रक्षक राहुल गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा और भाईचारा के मुल्यों पर आधारित है। भारत जोड़ो यात्रा ने देश को जोड़ने और नफरत के खिलाफ मोहब्बत की आवाज बुलंद करने और आम जनता की पीड़ा को सांसद तक पहुंचाने का काम किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक देव, विनोद सिंह, विरेन्द्र कुमार सिंह, संजय तिवारी, मीडिया अध्यक्ष निसार खान, महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, राजू चौरसिया, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, नरेश गुप्ता, मनिषा टोप्पो, सदरूल होदा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश कुमार यादव सेवादल अध्यक्ष गुड्डु सिंह, सहकारिता विभाग के अध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद, एसी सेल अध्यक्ष मुकेश पासवान, परवेज अहमद, अनिल कुमार भुईंया, अजित कुमार सिंह, सैयद अशरफ अली, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, रॉकी सिन्हा, मुस्ताक अंसारी, नरसिंह प्रजापति, कौशल कुमार सिंह, दिलदार अंसारी, चंदन गुप्ता, विजय कुमार सिंह अलावा कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

## कोडरमा में मोदी सरकार की उपलब्धियों पर हुई संगोष्ठी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कोडरमा नगर भाजपा के तत्वावधान में 11 साल बेमिसाल संगोष्ठी का आयोजन गुरुकृपा भवन में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अजय पांडेय जबकि संचालन नगर महामंत्री उत्तम कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत पं दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं वंदे मातरम गीत के साथ हुई। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और 11 वर्ष की ऐतिहासिक उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के कुशल नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में परिवर्तनकारी एवं उल्लेखनीय कार्य हुए है जिससे पूरे विश्व में देश की साख और प्रतिष्ठा बढ़ी है। मौके पर कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और जनकल्याणकारी नीतियों पर आधारित उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने एवं विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। संगोष्ठी में मनोज कुमार झुन्नू, उत्तम कुमार, सचिंद्र शर्मा, मुकेश यादव, पंकज सिंह, संदीप गुप्ता, गोरेलाल, संतोष गुप्ता, विकास कुमार, महेश नाथ गोस्वामी, टिंकू पांडेय, धीरज कुमार समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अमेरिका और जी-7 का ईरान के प्रति आक्रामक रवैया निंदनीय : सीपीएम

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने ईरान पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आक्रामक बयानों की कड़ी निंदा की है। इस तरह की बयानबाजी से तनाव और बढ़ेगा और पूरे पश्चिम एशिया क्षेत्र को युद्ध और अस्थिरता की ओर धकेला जाएगा। माकपा के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने कहा कि यह बेहद निंदनीय है कि राष्ट्रपति ट्रम्प अब खुलेआम ईरानी नेताओं की हत्या की धमकी दे रहे हैं और ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग कर रहे हैं। पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य बेड़े का बड़े पैमाने पर जुटाना इस बात का संकेत है कि ईरान पर हमले करने के लिए इजरायल के साथ मिलकर अमेरिका तैयारी कर रहा है। ये घटनाक्रम खतरनाक है और दुनिया को विनाशकारी युद्ध के कगार पर धकेलने का कोशिश है। कनाडा में जी-7 की बैठक में हाल ही में दिए गए बयान से इस आक्रामकता में इजाफा हुआ है। यह निंदनीय है कि जी-7 ईरान को दोषी ठहरा रहा है, जबकि वह इजरायल की आक्रामक गतिविधियों पर अपनी आँखें बंद कर लेता है। यह स्पष्ट है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और चल रही अस्थिरता के लिए मुख्य रूप से इजरायल ही ज़िम्मेदार है। गाजा पर अपने नरसंहारक हमले से शुरू करके, इजरायल ने जानबूझकर सीरिया, लेबनान, यमन और अब ईरान सहित खाड़ी के देशों में अपनी सैन्य कार्रवाइयों का विस्तार किया है। इजरायल पर लगाम लगाए बिना, क्षेत्र में शांति और स्थिरता नहीं लाया जा सकता है। अमेरिका और पश्चिमी साम्राज्यवाद अंतरराष्ट्रीय कानूनों और सम्मेलनों का घोर उल्लंघन करते हुए पश्चिम एशिया और उससे आगे अपने आधिपत्य को थोपने के लिए एक दुष्ट देश इजरायल का इस्तेमाल कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को अमेरिका और इजरायल पर अपने आक्रामक कार्यों को रोकने और कूटनीति पर लौटने के लिए दबाव बनाने के लिए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

## एसडीपीओ के वाहन की ट्रक से हुई टक्कर

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** थाना अंतगर्त दिबौर मेघातरी रजौली बॉर्डर के समीप एक ट्रक ने एसडीपीओ अनिल कु सिंह के वाहन को जोरदार टक्कर मार दिया। हालांकि हादसे में एसडीपीओ और उनके अंगरक्षक बाल बाल बच गए। जानकारी के मुताबिक एसडीपीओ घाटी होकर जा रहे थे। इसी क्रम में ट्रक ने एसडीपीओ के वाहन पर जोरदार टक्कर मार दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक का ब्रेक फेल होने के कारण उक्त हादसा हुआ। हादसे के समय आस पास कोई वाहन नही था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद पुलिस ने ट्रक को जप्त करते हुए चालक को हिरासत में ले लिया।

# बारिश में कोलकाता से बिहार जा रही बस पलटी, कई घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह को कोलकाता से गया बिहार जा रही सियाराम बस दुर्घटनाग्रस्त होने से पिता पुत्री समेत कई लोग घायल हो गये। घटना सुबह 6.30 बजे गोरहर बाराटांड़ मोड़ पर सियाराम बस नंबर बीआर 02 पीबी 2707 अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में ग्राम बाराचट्टी गया बिहार निवासी मोहम्मद जावेद 30 वर्ष पिता मोहम्मद जमाल तथा उनकी पुत्री मताशा प्रवीण 13 वर्ष घायल हो गयी। घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में किया गया। जबकि चिकित्सक ने मोहम्मद जावेद को गंभीर अवस्था में बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया। इसके अलावा कई अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। दुर्घटना के बाद बस की छत पर बाक्स में रखी प्रतिबंधित मांगुर मछली सड़क पर इधर उधर बिखर गई। जिसे स्थानीय ग्रामीण और राहगीरों ने लूट लिया। जानकारी हो कि कोलकाता से जीटी रोड़ के रास्ते प्रतिदिन सैकड़ों छोटी बड़ी वाहनों से प्रतिबंधित मांगुर मछली लेकर जाया जाता है।

## भारी बारिश के बीच सदर विधायक ने जलजमाव की समस्या का किया अवलोकन



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में गुरुवार को हुई लगातार भारी बारिश ने नगर निगम और एनएचएआई की तैयारियों की पोल खोल कर रख दी। नगर क्षेत्र के कई मोहल्लों और मुख्य सड़कों पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

इस विकट स्थिति के बीच हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद स्वयं छाता लेकर सड़कों पर उतरे और क्षेत्र का भ्रमण करते हुए लोगों की समस्याएं प्रत्यक्ष रूप से सुनीं। वे मासीपीढ़ी मोहल्ला सहित कई प्रभावित इलाकों में पहुंचे, जहां स्थानीय लोगों ने उन्हें जल निकासी की खराब व्यवस्था, नाले की सफाई न होने और सड़कों पर भरे पानी की समस्याएं बतायी। विधायक ने मौके पर ही एनएचएआई के संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर त्वरित जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने नगर निगम के नगर आयुक्त से सुबह से लगातार संपर्क बनाए रखा और एक-एक समस्या की जानकारी देते हुए समाधान की प्रक्रिया प्रारंभ करवाई। लोगों की लगातार आ रही शिकायतों के बीच विधायक ने फोन पर ही नगर आयुक्त एवं निगम के अन्य संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया की वे मौके पर जाकर निरीक्षण करें और अविलंब कार्य प्रारंभ कराये। कई स्थानों पर उन्होंने खुद खड़े होकर निगम की टीम को मार्गदर्शन भी दिया।

## 2 दिन की बारिश में लोग अपने ही घरों में बने बंधक



पिंटू कुशवाहा दिनकर

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव में लगातार 2 दिनों की बारिश ने जन जीवन अस्त व्यस्त कर दिया। बारिश के कारण लोग घरों में दुबके रहे ।लोग अपने ही घर में स्वयं बंधक बने रहे।

चौक चौराहा सन्नाटा रहा। आंशिक रूप से कई दुकान बंद रहे- केवल बड़कागांव का सब्जी बाजार खुल रहा। बड़कागांव के चारों ओर पानी ही पानी नजर आ रहा है. बड़कागांव हहारो नदी बदमाही नदी ,पीपल नदी, कांड़तरी नदी, सिरमा छवनियां नदी, महटिकरा नदी, चमगढ़ा नदी , हरदरा नदी उफान पर है.खेत खलिहान डूब गये। अगर इसी तरह बारिश होती रही, तो लाखों रुपए की फसल नष्ट हो जाने की संभावना है। बड़कागांव मुख्य चौक, पार्टी के बिश्रामपुर, के सड़कों में पानी नदी की तरह बह रहा है। इसके घर से पानी निकलकर सड़कों में बहने लगा ।इस कारण पूरे परिवार परेशान है। बंद पड़े नालियों को राजू खंडेलवाल गोदान लेकर खोला तो सड़क से बहने वाला पानी कुछ हद तक काम हुआ। बादम में तिलक राम का घर नदी के किनारे हैं, जो बहने के कगार पर है। तिलक राम ने बताया कि 5 साल पहले घर बचाने के लिए नदी के किनारे गार्डवाल बनाने को लेकर पूर्व सांसद , पूर्व विधायक व प्रखंड प्रशासन के अधिकारियों के पास आवेदन देकर मांग गई थी। पर गार्डवाल आज तक नहीं बना। हर वर्ष बरसात के समय घर के चारों ओर पानी भर जाता है।

## केरेडारी में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** प्रखंड क्षेत्र में बीते तिन दिनों से हो रही भारी बारिश ने तबाही मचा रखी है व लोगों का जन जीवन अस्त - व्यस्त हो गया है। लगातार हो रही बारिश से प्रखण्ड वासियों को भीषण गर्मी से निजात मिला है। मंगलवार को दोपहर बाद से शुरू हुई बारिस बुधवार और गुरुवार को भी रुक रुक कर निरंतर जारी रहा व लोगों को पिछले तिन दिनों से सूर्य देवता के दर्शन नहीं हुए हैं। इस बारिस से जहाँ किसानो के चेहरे खिल गए हैं वहीं आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बीते तिन दिनों की बारिश से ही क्षेत्र की छोटी बड़ी नदियां उफान पर हैं जबकि कुवें भी लबालब भर चुके हैं। बारिस के कारण गुरुवार को केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी पूरी तरह से जलमग्न हो गया जिससे यहाँ इलाज कराने आये मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना से जोरदाग से सत्ती चौरा तक 2.2 किलोमीटर सड़क पर बने पुलिए व सड़क भी कई जगह क्षतिग्रस्त हो गये जिससे कोयले की ढुलाई भी बाधित रही व हाइवा की लंबी कतार लग गये जबकि काबेद के समीप भी एक पुल क्षतिग्रस्त हो गया जिससे आवागमन बाधित रहो केरेडारी सीओ रामरतन बर्णवाल ने उक्त स्थान पर पहुंच कर वस्तु स्थिति का जायजा लियो वहीं जिला मुख्यालय के आदेशानुसार गुरुवार को कक्षा एक से आठ तक के विद्यालय बन्द रहे व पठन पाठन का कार्य स्थगित रहो केरेडारी - टंडवा सीमाने स्थित चर्चित चुंदुरु धाम में भी बाढ़ ने रौद्र रूप धारण कर लिया तथा बाढ़ का पानी पत्थरों के ऊपर से तीव्र वेग से बह रहा था जिसे देखने के लिए सैकड़ों लोग यहाँ आये व सोशल मीडिया पर रील बनाकर वायरल भी किया।

## दंपति ने वृद्ध आश्रम में मनायी शादी की 31वीं वर्षगांठ

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अजीत बरनवाल, पत्नी सविता देवी ने परिवार संग अपनी शादी की 31 वर्षगाठ वृद्धाश्रम में मनायी । इस अवसर पर केक काटकर वृद्ध आश्रम में रह रहे वृद्धजनों का आर्शिवाद लिया। वही दंपती ने वृद्धजनो के बीच खाद्य सामग्री बाट भोजन कराया। बाद में अध्यक्ष श्री बरनवाल ने वृद्ध आश्रम मे रहे वृद्धजनो की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लिए। उन्होंने समाज के युवाओं को संदेश दिया कि वृद्धावस्था के समय कोई भी अपने बुजुर्ग माता-पिता को घर से बाहर न निकाले, क्योंकि उनके माता-पिता इस वक्त बुजुर्ग है। कल आप भी जब बुजुर्ग होंगे तो आपके बच्चे भी इस तरह के व्यवहार आप से करेंगे, जो बेहद ही गलत संदेश हमारे समाज को जायेगा।

## तालाब की साफ सफाई की मांग डीसी को ज्ञापन सौपा

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिला समाहरणालय के ठीक सामने स्थित सुंदरनगर (वार्ड संख्या 5 एवं 6) में जल निकासी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गयी है। क्षेत्र की जाम नालियों से गंदा पानी पीसीसी सड़क पर बह रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों के साथ-साथ राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित सुंदरनगर तालाब भी पूरी तरह से गंदगी से भर चुका है, जिससे आसपास के इलाकों में दुर्गंध फैल रही है और स्वास्थ्य संबंधी गंभीर खतरे उत्पन्न हो रहे हैं। स्थानीय लोगों द्वारा पूर्व में कई बार संबंधित विभागों को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी है। इस संबंध में सुंदरनगर निवासी एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सहदेव यादव ने उपायुक्त, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत एवं अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत को एक बार पुनः पत्र लिखकर वार्ड संख्या 5 एवं 6 में जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने, नालियों की अविलंब सफाई करवाने, सुंदरनगर तालाब की समुचित सफाई कर उसे पुनर्जीवित करने एवं जल आपूर्ति हेतु खुदाई के बाद क्षतिग्रस्त हुई पीसीसी सड़क की तत्काल मरम्मत करवाने की मांग की है।

## अंचल में तीन दिवसीय राजस्व सेवा शिविर का आयोजन, 130 से अधिक ग्रामीणों को मिला लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता




**जयनगर।** अंचल में उपायुक्त ऋतुराज के दिशा-निर्देशन में जयनगर अंचल परिसर में तीन दिवसीय राजस्व सेवा विशेष शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को दाखिल-खारिज, शुद्धिपत्र निर्गत, ऑनलाइन लगान रसीद निर्गत, पारिवारिक सूची, भूमि जॉच प्रतिवेदन, परिशोधन, ऑनलाइन जमाबंदी सुधार, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र, तत्काल जाति, आवासीय, आय जैसी आवश्यक सेवाएं एक ही स्थान पर त्वरित और पारदर्शी तरीके से प्रदान किया। शिविर में अंचलाधिकारी गौतम कुमार की निगरानी में अंचल निरीक्षक सनोज कुमार यादव, राजस्व उप निरीक्षक आलोक शर्मा, तालेबर राम, रामदेव हांसदा, उमेश कुमार एवं अमीन आनंद कुमार की सक्रिय भागीदारी रही। प्रत्येक कार्य के लिए विषयवार पृथक स्टॉल की व्यवस्था की गयी थी, जिससे आवेदकों को सुविधा हो और समय की बचत हो। ऑनलाइन सेवाओं के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर कन्हाई कुमार, अभिषेक पांडेय, सुभाष पासवान जिससे ऑनलाइन दाखिल-खारिज, एलपीसी निर्गत, रसीद निर्गत, जाति आवासीय आय जैसी डिजिटल सेवाएं तत्क्षण उपलब्ध कराई गईं। शिविर के दौरान मुख्य स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए अंचलाधिकारी गौतम कुमार ने सभी कर्मियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का निष्पादन यथाशीघ्र किया जिससे आम जनता का विश्वास और प्रशासन के प्रति भरोसा बना रहे। अंचल कार्यालय के प्रधान लिपिक गिरधारी प्रसाद, लिपिक बिनोद कुमार, रंधीर कुमार एवं अन्य कर्मचारियों ने शिविर संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर में 130 से अधिक ग्रामीणों ने विभिन्न सेवाओं के लिए आवेदन जमा किए, जिनमें से अधिकांश का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। अंचलाधिकारी ने बताया कि यह शिविर तीन दिनों तक जारी रहेगा, और आमजन इस दौरान कार्यालय पहुंचकर अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में इस तरह के शिविरों का आयोजन नियमित रूप से किया जायेगा, ताकि शासन की सेवाएं आखिरी व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंच सकें।

## प्रवासी मजदूरों के स्वजन कर रहे शव का इंतजार



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विदेश में काम करने गये मजदूरों को काम के दौरान वेतन भुगतान के लाले तो पड़ते ही हैं, अगर वहां उनकी मौत हो जाती है तो शव को स्वदेश लाने में स्वजनों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। बीते कुछ दिनों में विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंदखारों के जान गंवाने वाले दो मजदूर के स्वजन इन दिनों शव को घर पहुंचाने और मुआवजे की गुहार शासन और प्रशासन से लगा रहे हैं। बंदखारो निवासी धनंजय महतो का सऊदी अरब में शव पड़ा हुआ है,जबकि इसी गांव बंदखारों के रामेश्वर महतो का शव चार दिनों के बाद भी कुवैत से स्वदेश नहीं पहुंच सका है। प्रवासी मजदूर धनंजय महतो की सऊदी अरब में लगभग एक महीने पूर्व 24 मई को मौत हो गयी ।लेकिन अभी तक प्रवासी मजदूर का न तो शव पहुंचा और न ही परिजनों को कंपनी की ओर से मिलने वाली राशि का भुगतान का रास्ता साफ हो पाया हैं। इस कारण परिजनों की चिंता बढ़ने लगी है। मृतक के परिजन अपने घर के सदस्य का अंतिम दर्शन के लिए हर दिन राह देख रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बासुदेव महतो के पुत्र धनंजय महतो की मौत विगत 24 मई 2025 को हो गयी थी। मृतक अपने पीछे पत्नी गीतांजलि देवी,पांच साल का पुत्र संजय कुमार और डेढ़ साल का सुनिल कुमार समेत भरा पूरा परिवार को छोड़ गये । प्रवासी श्रमिकों के हितों को लेकर काम करने वाले सिकन्दर अली लगातार संपर्क कर मामले का हल करने में जुटे हैं। उन्होंने कंपनी के अधिकारी से उचित मुआवजा के साथ दोनों शव को जल्द भारत भेजने की मांग की है ताकि उनका अंतिम संस्कार किया जा सके।

## रोड पर रखे ईंट, बालू और गिट्टी को हटायें : थाना प्रभारी



**बरकट्ठा(आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कोनहराखुर्द स्थित जीटी रोड़ पर बने सर्वीस सड़क को कुछ लोगों ने डंप यार्ड बना दिया। जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की शिकायत पर बरकट्ठा थाना प्रभारी गौतम उरांव, अंचल निरीक्षक सुरेन्द्र पासवान, अंचल अमीन अजमल अंसारी ने स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। थाना प्रभारी ने लोगों से रोड़ पर रखे ईंट, बालू और गिट्टी को हटाने का सख्त निर्देश दिया। जानकारी हो कि कोनहराखुर्द जीटी रोड़ में अंडरपास का कार्य प्रगति पर चल रहा है। किसको लेकर भारी वाहनों कि गुजरने के लिए बाई लेन रोड़ के साथ साथ सर्वीस रोड़ बनाया गया है। जिसपर कोनहराखुर्द के कुछ लोगों ने घर बनाने के लिए ईंट, बालू और गिट्टी को सर्वीस रोड़ पर ही गिराकर स्टाक कर दिया गया है। जिससे राहगीरों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं प्रशासन की ओर से अतिशीघ्र हटाने का निर्देश रखने वाले को दिया गया है। ताकि लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो।

## सांसद और विधायक की अनुशंसा पर बेडम में लगा बिजली ट्रांसफार्मर



**टाटीझरिया(हजारीबाग) (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डूमर पंचायत के बेडम गांव का बिजली ट्रांसफार्मर पिछले दस दिनों से खराब था। वहां के ग्रामीणों ने सांसद प्रतिनिधि के माध्यम से सांसद मनीष जायसवाल और मांडू विधायक निर्मल उर्फ तिवारी महतो को सूचित किया। उन्होंने अनुशंसा किया और ग्रामीणों को 63 केवीए के स्थान पर 100 केवीए का ट्रांसफार्मर मिला ।जिसका उद्घाटन प्रमुख सह सांसद प्रतिनिधि संतोष मंडल,भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह,आजसू प्रखंड अध्यक्ष सुरेश प्रसाद कुशवाहा,अमरेश सिंह ने फीता काटकर किया। मौके पर संदीप गंझू, जीवाधन प्रसाद,बब्लू प्रसाद सिंह,रोहित प्रसाद,धानेश्वर मंडल, नारायण प्रसाद,ओम प्रकाश राणा, गोपाल राणा, सचिन कुमार,सुनील कुमार,सेवा महतो,तपेश्वर मिस्त्री, साहेब प्रसाद,तापेश्वर,भोला, बसंत, धीरेन्द्र,नागेन्द्र, पंकज, रवि,अशोक, गुरुचरण समेत अन्य उपस्थित थे।

## हजारीबाग में परीक्षा केंद्र पर छात्रों का हंगामा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** रेलवे, एनटीपीसी ग्रेजुएट लेवल की ऑनलाइन परीक्षा में सोमवार को उस वक्त हंगामा मच गया जब एग्जाम देने आए अभ्यर्थियों को सेंटर में घुसने नहीं दिया गया। हजारीबाग के इन्द्रपुरी चौक स्थित टीसीएस आईओएन डिजिटल परीक्षा केंद्र पर बिजली आपूर्ति ठप हो गई। सुबह से ही परीक्षा देने पहुंचे दर्जनों अभ्यर्थियों को केंद्र के बाहर ही रोक दिया गया। जब छात्रों ने विरोध और हंगामा शुरू किया, तब जानकारी मिली कि न केवल मुख्य बिजली सप्लाई बाधित है, बल्कि डीजल जनरेटर (डिजी सेट) भी पानी में डूबने से काम नहीं कर रहा। करीब एक घंटे की देरी के बाद जैसे-तैसे परीक्षा शुरू की गई। इसपर परीक्षार्थियों ने नाराजगी जताई और पूछा कि जब परीक्षा देरी से शुरू हो रही है, तो समय पहले जैसा कैसे रखा जा सकता है ।छात्रों ने निष्पक्ष परीक्षा की मांग करते हुए पूरी परीक्षा प्रक्रिया को दोबारा आयोजित करने की मांग की। मामला हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह तक पहुंचा, तो स्थिति में सुधार आया। इधर विधायक सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने भारी बारिश के बावजूद तत्काल परीक्षा केंद्र पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने वहां मौजूद छात्रों से संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनी और तुरंत परीक्षा एजेंसी के संचालक से वार्ता कर कड़ी नाराजगी जताई। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि छात्रों का भविष्य सर्वोपरि है और परीक्षा जैसी गंभीर प्रक्रिया में किसी भी तरह की लापरवाही या तकनीकी कमजोरी स्वीकार नहीं की जा सकती।

## विवाहिता की मौत के बाद ससुराल पक्ष के लोग फरार

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया थाना क्षेत्र के भराजो निवासी 22 वर्षीय संजू कुमारी के मौत के बाद घर से संजू कुमारी के पति मुकेश कुमार एवं सास फरार है। गुरूवार को खैरा मुखिया कुमारी माधुरी एवं भराजो मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार पाण्डेय के पहल पर भराजो और बेडमका गांव के लोग बैठकर मामला सलटाने का प्रयास किया लेकिन मृतक के ससुराल पक्ष के लोग शामिल नहीं हुआ। मृतक के मायके के लोगों का कहना है कि जब ससुराल पक्ष के लोग नहीं आते हैं तब तक अंतिम संस्कार नहीं होगा। वहीं मृतक के ससुर बैंगलोर में काम करता है उससे फोन पर बात होने पर बताया कि हम शुक्रवार को पहुंचेंगे। मायके के लोग गुरूवार दोपहर के बाद हजारीबाग से पोस्टमार्टम कराकर लड़की के ससुराल में रखा हुआ है। शव को भराजो पहुंचने के बाद मायके के लोग एवं भराजो गांव के लोग भीड़ लगायें हुए था। भराजो गांव के लोग भी इस घटना का निंदा कर रहे हैं।

## आम उत्सव सह बागवानी मेला का भव्य आयोजन छह किसान हुए सम्मानित



बारियातू(आजाद सिपाही)। बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत गुरुवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में एक दिवसीय आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस आयोजन में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को बागवानी क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की जानकारी साझा करना और योजना के अंतर्गत मिली सफलता को आम लोगों तक पहुंचाना था। कार्यक्रम की शुरूआत प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीडीओ अमित कुमार पासवान, सीओ नंद कुमार राम, बीपीओ केतन गुप्ता, लाभुक किसान बिजेन्द्र उरांव, मो शाहिद और श्वेता देवी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गयी। मौके पर बीडीओ पासवान ने मेले में लगाये गये आम की प्रदर्शनी का बारीकी से अवलोकन किया।उन्होंने लाभुक किसानों से आम बागवानी से जुड़े उनके अनुभवों, तकनीकी पहलुओं और आने वाली चुनौतियों की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने किसानों को बागवानी में नयी तकनीकों और वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने का सुझाव देते हुए कहा कि योजना का लाभ लेकर ग्रामीण किसान आत्मनिर्भर बन सकते हैं। सीओ नंद कुमार राम, प्रमुख उर्मिला देवी व बीपीओ केतन गुप्ता ने भी योजना के लाभों को रेखांकित करते हुए कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम भूमिका निभा रही है। इससे न केवल आमदनी में वृद्धि हो रही है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। सदर पंचायत अंतर्गत गाड़ी ग्राम के पिंडा टोला निवासी लाभुक किसान बिजेन्द्र उरांव ने बताया कि वर्ष 2020-21 में उन्होंने 1.5 एकड़ भूमि पर दो योजनाओं के तहत आम का बागान लगाया था।अब तक वे करीब दो लाख रुपये का आम बेच चुके हैं। साथ ही उन्होंने ओल और अदरक की भी खेती की है, जिससे अतिरिक्त आमदनी हो रही है। टोंटी पंचायत के इटके गांव निवासी मो. शाहिद ने बताया कि उनके बागवानी क्षेत्र में उनके पिता के समय से ही आम के पेड़ हैं।वर्तमान में उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत भी आम का नया बागान तैयार किया है। साथ ही मिर्च, टमाटर और हल्दी की खेती कर वे अब तक करीब तीन लाख रुपये की आमदनी कर चुके हैं और आने वाले सीजन में तीन लाख रुपये तक की आमदनी की उम्मीद कर रहे हैं। गाड़ी पिंडा टोला निवासी श्वेता देवी ने बताया कि उन्होंने दीदी बगिया योजना के तहत आम के साथ-साथ कई अन्य फलदार और औषधीय पौधों का रोपण किया है। इससे उन्हें स्वरोजगार मिला है और आर्थिक स्थिति में भी सुधार हुआ है। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह लाभुकों मो. शाहिद, श्वेता देवी, सतिश कुमार, रामपति उरांव, रामवृक्ष उरांव और सरोज कुमारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें बागवानी के क्षेत्र में उनके मेहनत और समर्पण के लिए दिया गया। इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी समीर सुमन भेंगरा, पंचायत सचिव शेराफिनुस खलखो, राम लखन यादव, राजेश यादव,जई आशिष कुमार,अई सतेन्द्र उरांव,रोजगार सेवक सुरेन्द्र उरांव, धीरज राणा समेत कई प्रखंड कर्मी, पंचायत प्रतिनिधि और लाभुक किसान उपस्थित थे।

## मानसून की पहली बारिश से लोगों का जीवन प्रभावित, कई घरों को हुआ नुकसान



बरवाडीह(आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय और आसपास के क्षेत्रों में दो दिनों से मानसून की पहली बारिश शुरू होने के साथ ही लोगो को जहां जन जीवन प्रभावित हुआ है। बारिश होने के साथ ही भीषण गर्मी से परेशान लोगों को जहां गर्मी से राहत मिली है। वहीं लगातार हो रही बारिश से प्रखंड के कोयल,औरंगा,धरधारी नदियां समेत सभी नदी, नाले, खेत क्यारी जलमग्न हो गयी है। बारिश से प्रखंड के सुदूर क्षेत्रों के कई लोगों के घरों को नुकसान हुआ है। प्रखंड के केड पंचायत के संजय यादव के घर के एक हिस्से गिर जाने से घर का नुकसान हुआ है, वहीं समय रहते घर के लोगों के सचेत हो जाने से घर के लोगो का जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है।वही अत्यधिक बारिश से सुदूर क्षेत्र के कई लोगो का घरों को नुकसान हुआ है। अत्यधिक बारिश से कुचिला पंचायत में बना देवी मंडप का चारदीवारी गिर गया। अत्यधिक बारिश से महुआडांड छिपादोहर मुख्य मार्ग लाभार नाका के समीप विशाल पेड़ गिर जाने से इस में मार्ग आवागमन प्रभावित हुआ, जिसे वन विभाग की टीम ने हटाते हुई आवागमन सुचारू किया। इसके अलावा प्रखंड के अन्य क्षेत्रों में बारिश से पेड़ गिरने की समाचार है। वही लगातार हो रही बारिश का गुरुवार दोपहर रुकने से लोगों ने राहत की सांस ली। अत्यधिक बारिश से बिजली सेवा भी प्रभावित रही। बारिश से प्रखंड मुख्यालय और आसपास के क्षेत्रों में बुधवार मध्यरात्रि के बाद 33 हजार विद्युत सेवा फाल्ट आने के कारण मध्य रात्रि से ही विद्युत सेवा प्रभावित रही जिसे गुरुवार दोपहर 12 घंटा बाद ठीक कर चालू किया गया।

## लगातार बारिश से दो मकान धराशायी परिजनों को हो रही रहने में परेशानी



सेन्हा(आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में लगातार दो दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण कई जगहों पर जनजीवन प्रभावित हुआ है। इसी क्रम में मुर्की तोड़ार पंचायत अंतर्गत बाजार डांडू और सेन्हा अमन चौक में दो कच्चे मकान बारिश के कारण धराशायी हो गये, जिससे प्रभावित परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बाजार डांडू निवासी स्व. अवधेश मिश्रा के पुत्र योगेंद्र मिश्रा का मकान अचानक गिरकर पूरी तरह छतिग्रस्त हो गया। सौभाग्य से इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन घर में रखा जरूरी सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। परिवार अब खुले आसमान के नीचे या अस्थायी जगहों पर रहने को मजबूर है। वहीं दूसरी ओर, सेन्हा अमन चौक निवासी शरीफ अंसारी (पिता- स्व. जहम अंसारी) का भी मकान बारिश के कारण गिर गया। इस हादसे में हजारों रुपये का एस्बेस्टस, खपड़ा, अनाज और अन्य घरेलू सामान बर्बाद हो गया। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य बगल के कमरे में बैठे थे। अचानक दीवार गिरने की आवाज सुनकर सभी लोग समय रहते बाहर निकल गये, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। दोनों प्रभावित परिवारों ने प्रखंड प्रशासन और जिला प्रशासन से तत्काल राहत और आवासीय सहायता की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश से और भी कई कच्चे मकानों को खतरा है, ऐसे में तुरंत सर्वे कराकर उचित राहत उपाय किये जायें।

## नगर परिषद ने चलाया नशा उन्मूलन जागरूकता अभियान

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिला में निषिद्ध मादक पदार्थों और नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से नगर परिषद, लोहरदगा द्वारा गुरुवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान वनवासी कल्याण, मिशन चौक, ईस्टगोला रोड और नया नगर परिषद कार्यालय के आसपास के क्षेत्रों में संचालित हुआ। इस दौरान नगर परिषद के प्रचार वाहन के माध्यम से ऑडियो संदेशों के जरिए लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। संदेशों में विशेष रूप से बताया गया कि मादक पदार्थों और नशीली दवाओं के सेवन से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है, बल्कि इससे आर्थिक और सामाजिक समस्याएं भी उत्पन्न होती हैं। अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना और समाज में नशा के खिलाफ जागरूकता फैलाना था। नगर परिषद द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान को विभिन्न इलाकों में जारी रखने की बात कही गयी है।

# धीरज साहू ने राज्यपाल से की मुलाकात, विकास योजनाओं पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड कांग्रेस के कद्दावर नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से औपचारिक मुलाकात की। इस मौके पर दोनों के बीच झारखंड में विकास की सभी पहलुओं के साथ-साथ सरकार की जन लाभकारी योजनाओं पर चर्चा हुई । श्री साहू ने जानकारी देते हुए कहा कि महामहिम के साथ उनकी लगभग आधे घंटे की मुलाकात में उन्होंने झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालय एवं विद्यालयों की क्रियाकलाप के ऊपर प्रकाश डाला। मौके पर महामहिम ने कहा कि भविष्य में हमारे झारखंड राज्य के सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, विद्यालयों में और भी बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होंने तकनीकी शिक्षा के ऊपर चर्चा करते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा के माध्यम से छात्रों को विशिष्ट तकनीकी क्षेत्रों में काम करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान किया जायेगा, जिसके तहत छात्र विज्ञान, प्रौद्योगिकी , इंजीनियरिंग, गणित एवं व्यवसायों के प्रशिक्षण में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी ' श्री साहू का भी मानना है कि व्यावसायिक प्रशिक्षण छात्रों को विशिष्ट व्यवसायों और उद्योगों में काम करने के लिए आवश्यक कौशल सिखाती है, तकनीकी शिक्षा छात्रों को विभिन्न प्रकार के करियर के लिए तैयार करती है और उन्हें उच्च शिक्षा या नौकरी बाजार में मदद मिलेगी। इसके अलावा श्री साहू ने महामहिम को झारखंड के साथ-साथ लोहरदगा जिला में हो रहे खेल के विकास से अवगत कराया।

# पांच सालों से सड़क क्षतिग्रस्त , छलटा पुल नहीं रहने से राहगीर हो रहे हैं परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता



**बालूमाथ।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बालू रोड करीब मदन प्रजापति के घर से मात्र 1 किलोमीटर की दूरी में जो की यह रोड पांच वर्षों से टूटा हुआ है, आज तक नहीं बना । बरसात के कारण टूटी सड़कों और छलटा पुल नहीं रहने से लोगों को घरों से बाहर निकलना दूभर हो गया है। सड़क टूटने और छलटा पुल नहीं रहने से राजगीर हो रहे हैं, परेशान बारिश से बालू रोड की बदहाल स्थिति बनी हुई है। राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खराब रास्ते सड़क से आवागमन में भी बाधा आ रही है । खराब सड़कों पर पैदल चलने वाले और साइकिल मोटरसाइकिल चलाने वाले लोग के लिए भी खतरा बढ़ जा रहा है। वहीं कई ग्रामीणों ने बताया कि कई वर्षों से सड़क टूटने और छलटा पुल नहीं रहने से बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके है। गड्ढे में बरसात के पानी जमा हो गया है। लोग प्रशासन और सरकार को कोसते हुए सड़क से निकलते हैं और कई बार स्थानीय अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया है पर प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सोयी हुई है। ना ही कोई यहां स्थानीय जनप्रतिनिधि शुद्ध लेने वाला क्या जनप्रतिनिधियों को जनता की समस्याओं को दूर करने से कोई सरोकार है शायद नहीं जनता की परेशानियों को दूर करने का वादा कर जनप्रतिनिधि चुनाव जीतने के बाद महंगी गाड़ियों से चलने लगे हैं पर आम जनता को जिन सड़कों पर चलना है उसका हाल आज भी बेहाल है पैदल बिना पानी में घुसे कहीं जा नहीं जा सकता है। स्कूल कामकाज पर जाने वाले लोग जैसे तैसे पार कर रहे हैं। यहां पर बरसात में सड़क टूटने और छलटा पुल नहीं रहने पर लोगों को जल भराव से अच्छी खासी परेशानी हो रही है।

# मालवाहक पिकअप पलटा, चालक-उपचालक सुरक्षित

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/लोहरदगा।** एनएच-143ए पर सेन्हा थाना क्षेत्र के केराझरिया पुल के समीप गुरुवार की सुबह एक मालवाहक पिकअप वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में गनीमत रही कि वाहन में सवार चालक और उपचालक दोनों बाल-बाल बच गये तथा किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के बनारस से 10 एचपी सोलर आटा चक्की सिस्टम लादकर यह वाहन गुमला जिला अंतर्गत पालकोट थाना क्षेत्र के पोजेगा गांव की ओर जा रहा थी। इसी दौरान केराझरिया पुल के समीप एक तीव्र मोड़ पर स्विफ्ट कार को बचाने के प्रयास में पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना के कारण वाहन में लदा कीमती सामान क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सेन्हा थाना की पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने जेसीबी मशीन की मदद से पलटे वाहन को हटवाया और स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल वाहन को कब्जे में ले लिया गया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, उक्त स्थान पर पहले भी कई वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए मुख्य मार्ग पर यातायात बाधित हुआ, जिसे पुलिस ने नियंत्रित किया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच के बाद आवश्यक विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

# हर्षोल्लास से मनाया गया राहुल गांधी का जन्मदिन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 55वें जन्मदिवस पर गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन, लोहरदगा में हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखेर भगत के नेतृत्व में केक काटकर जन्मदिन मनाया गया और राहुल गांधी को शुभकामनाएं दी गयी। इस दौरान उनके दीघार्यु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना भी की गयी। जिला अध्यक्ष सुखेर भगत ने कहा कि राहुल गांधी देश के शोषितों, वंचितों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों एवं सामान्य वर्ग के गरीबों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष कर रहे हैं, जो सच्चे सामाजिक न्याय का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास जताया कि राहुल के नेतृत्व में देश में शांति, प्रेम और संविधान की रक्षा का सपना अवश्य साकार होगा। वहीं प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज देश को राहुल गांधी जैसे निडर और संवेदनशील नेता की आवश्यकता है। राहुल का यह प्रयास सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है, जिससे आज देश का हर जागरूक नागरिक जुड़ता जा रहा है। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं ने नारा दिया , नफरत पर प्यार की जीत होगी, राहुल के मिशन में हर कांग्रेसी साथ खड़ा रहेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने राहुल गांधी के विचारों पर चलने और उनके मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# गांव तक पहुंचना हमारी प्राथमिकता है लाभुक योजनाओं से वंचित न रहे:उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान के तहत लातेहार जिला के सभी प्रखंडों के दर्जनों पंचायतों में जनकल्याणकारी शिविरों का आयोजन किया गया है। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय की इस पहल के तहत 15 जून से 30 जून तक जिले के दूर-दराज के जनजातीय गांवों में विभिन्न केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है एवं पात्र लाभुकों को इसका लाभ भी दिलाया जा रहा है। अभियान के तहत अब 15 जून से 18 जून तक जिले भर से 15,803 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मनरेगा, आयुष्मान भारत कार्ड, जनधन खाता, श्रमिक कार्ड समेत अन्य जनकल्याणकारी योजनाएं शामिल हैं। इस अभियान के अंतर्गत लातेहार प्रखंड के बेंदी, परसही,तरवाडीह, धनकारा।सरयू प्रखंड के गनेशपुर, चोरहा,घासीटोला। गारू प्रखंड के रूद, कोटाम, कारवाई, धांगरटोला। बरवाडीह प्रखंड के केचकी, मंगरा,उकामार। मनिका प्रखंड के बरकाडीह, सिंजो, नामुदाग, कोपे। बालूमाथ प्रखंड के शेरेगड़ा, झाबर,बालू। बरियातू प्रखंड के बालूभांग, गोनिया,धरहा,साल्वे। हेरहंज प्रखंड के हेरहंज, चीरू,तासु, सेरेंदाग। चंदवा प्रखंड के चकला, सासंग सेरक। महुआडांड़ प्रखंड के ऑक्सी, ओरसा,दुरूप महुआडांड़ आदि पंचायत के ग्रामों में शिविर लगाये गये। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। प्रशासनिक पदाधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों और संबंधित विभागों के कर्मियों ने मिलकर ऑन द स्पॉट आवेदन स्वीकृत करने की दिशा में काम किया। शिविरों के माध्यम से न केवल योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है, बल्कि ग्रामीणों में साक्षरता, स्वास्थ्य, पोषण, आजीविका जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी जागरूकता फैलाई जा रही है। लातेहार जनजाति बहुलता वाला जिला है। जिला प्रशासन जनजातियों के मूलभूत आवश्यकता को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता केंद्र सरकार और राज्य सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं से लाभकों को आच्छादित करने का प्रयास कर रहे है। परियोजना निदेशक प्रवीण गगराई उपायुक्त के निदेर्शानुसार जिला भर में लगाया जा रहे कैंप का निरंतर पर्यवेक्षक और निर्देशन कर रहे हैं, ताकि ससमय योजनाओं को जनजाति आबादी तक पहुंचा जा सके। उपायुक्त महोदय ने कहा कि जनजातीय समाज के उत्थान के लिए केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं गांव तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। धरती आब जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान के माध्यम से यह प्रयास किया जा रहा है कि कोई भी पात्र लाभुक योजनाओं से वंचित न रहे। प्रशासन की पूरी टीम इस अभियान को सफल बनाने में जुटी है।

## बीएलओ को नजरी नक्शा समेत अन्य कार्यों का दिया गया प्रशिक्षण



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी -सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज की अध्यक्षता में जिला से प्रशिक्षित प्रखंड अमीन झामन सिंह,निर्वाचन प्रभारी हेल्प डेस्क मैनेजर सह आवास समन्वयक दीपक कुमार समेत जिला के अन्य सभी प्रशिक्षित कर्मी के द्वारा प्रखंड के सभी बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षक को नजरी नक्शा,की मैप,जियोफेसिंग के लिए मतदान केंद्र के टर्निंग प्वाइंट आदि के बारे में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के सभी बीएलओ और पर्यवेक्षक प्रखंड के रेलवे क्षेत्र के मतदान केंद्रों का स्थल में पहुंच कर अमीन द्वारा नजरी नक्शा बनाने की स्थल प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर सुमन कुमार,तनवीर ,बलराम सिंह समेत सभी पर्यवेक्षक प्रखंड के 85 से अधिक बीएलओ शामिल थे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को महिला कॉलेज में, दिल्ली से आयेंगे विशेष अतिथि

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर आगामी 21 जून को शहर के प्रतिष्ठित मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला महाविद्यालय में योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन बड़े धूमधाम से किया जायेगा। इस वर्ष योग दिवस का थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व योग कोच मुकेश कुमार शास्त्री शिरकत करेंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. गणेश प्रसाद एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय पंकज उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधीर अग्रवाल जी करेंगे, जबकि महाविद्यालय के प्राचार्य सनेह कुमार कार्यक्रम का संचालन करेंगे। योग दिवस के मौके पर योग प्रोटोकॉल अभ्यास का संचालन डॉ. अशोक आचार्य द्वारा किया जायेगा। डॉ. आचार्य को एम्स दिल्ली, इग्नू यूनिवर्सिटी, डीडीए सहित कई राष्ट्रीय संस्थानों और सेलिब्रिटी को योग सिखाने का 15 वर्षों का अनुभव प्राप्त है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए विशेष योग सत्र आयोजित किया जायेगा, जिसमें चुरोपैथी उपचार की जानकारी दी जायेगी। साथ ही अकुप्रेशर पर निःशुल्क परामर्श भी मुहैया कराया जायेगा। योग के साथ-साथ बच्चों द्वारा योग और नृत्य के सम्मिश्रण की प्रस्तुति भी दी जायेगी। इसके अलावा महिलाएं म्यूजिक पर योग और शुद्धि क्रियाओं का प्रदर्शन करेंगी। कार्यक्रम का ड्रेस कोड सफेद वस्त्र निर्धारित किया गया है। इस भव्य आयोजन का आयोजन योग परिवार के साधकों एवं वैदिक विश्व मंगल न्यास के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। नगर वासियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस आयोजन को सफल बनाएं और योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं।

## जिला के पर्यटन स्थलों को करें विकसित पर्यटकीय सुविधाएं बढ़ायें : डॉ ताराचंद



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में पर्यटन कार्यकारिणी संवर्धन समिति की बैठक आयोजित की गयी। उपायुक्त ने बैठक में जिला के सभी अधिसूचित पर्यटन स्थलों में सुरक्षाकर्मी और सफाईकर्मी की नियुक्ति करने का निदेश जिला पर्यटन पदाधिकारी को दिया। उपायुक्त ने जिला के पर्यटन स्थलो तक पहुंचने के लिए पथ प्रदर्शक और पर्यटन स्थल की विशेषता बताने वाला सूचना पटट् जल्द से जल्द अधिष्ठापित कराने का भी निर्देश संबंधित कार्यान्वयन एजेंसी को दिया। सेन्हा प्रखंड के अधिसूचित पर्यटन स्थल धरधरिया जलप्रपात के पास शहीद जवानों का शहादत स्थल जल्द से जल्द तैयार कराने का निर्देश संबंधित कार्यान्वयन एजेंसी को दिया गया। टिको ग्राम स्थित शहीद रूनिया झुनिया के शहादत स्थल को अधिसूचित पर्यटन स्थल की सूची में शामिल करने के लिए अग्रेत्तर कार्रवाई करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। अधिसूचित पर्यटकीय क्षेत्र नमोदाग जो 27 नम्बर पुल के नाम से विख्यात है उसमें पर्यटकीय सुविधा अन्तर्गत सोलर लाईटिंग, कुड़ेदान, कैफेटेरिया, बेंच, सीसीटीवी, आदि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। अधिसूचित पर्यटन स्थलो की प्रसिद्धी के लिए नियमित अंतराल में कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया, साथ ही लोहरदगा जिला अन्तर्गत होटलो में पर्यटन स्थलों की जानकारी से संबंधित बुकलेट उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, उपविकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेन्द्र मुण्डा, डीएसपी मुख्यालय, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनन्दन बड़ाईक, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बाड़ा, प्रशासक नगर परिषद मुक्ति किड़ों समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## क्षतिग्रस्त पुल पुलिया को जल्द कराया जायेगा दुरुस्त :रविराज

चंदवा(आजाद सिपाही)। चंदवा विगत तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से क्षेत्र के नदी, तालाब, जलाशय के साथ साथ खेत एवं कुएं जलमग्न हो गये। मानसून की शुरूआत में ही भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। विधायक प्रकाश राम के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि आदर्श रविराज प्रभावित गांव का दौरा कर आवश्यक जानकारी ली। रविराज ने कहा कि जल्द ही सारे क्षतिग्रस्त सड़क और पुल पुलिया को दुरुस्त करवाया जायेगा। ग्रामीणों को परेशानी ना हो इसके लिए विधायक ने प्रभावित इलाकों की सूची मांगी है, जल्द ही प्रभावित क्षेत्रों में कार्य सूची विभाग को सौंप कर कार्य करवाया जायेगा। बता दे कि ग्रामीण इलाकों में बारिश से काफी तबाही मची है। प्रखंड के हुटाप पंचायत अंतर्गत बोरसीदाग गांव के समीप पुलिया, जमीरा पंचायत तुपी-कुसुमटोला पथ, रेलवे क्रॉसिंग के समीप कलभट बह गया में भी जिस कारण ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गयी है।

